प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

4 जनवरी 2024

इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई का उन्नीसवां दीक्षांत समारोह

इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (आईजीआईडीआर) का उन्नीसवां दीक्षांत समारोह 4 जनवरी 2024 को मुंबई में आयोजित किया गया था। डॉ. पी.के. मिश्र, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने दीक्षांत भाषण भी दिया। श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं अध्यक्ष, आईजीआईडीआर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई और उसके बाद छात्रों द्वारा मंगलाचरण किया गया। डॉ. बसंत कुमार प्रधान, निदेशक एवं कुलपति, आईजीआईडीआर ने स्वागत भाषण और मुख्य अतिथि का परिचय दिया और बताया कि 23 एमएससी, 3 पीएचडी और 4 एमफिल छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। तदुपरांत, श्री दास ने छात्रों को उपाधि प्रदान की। डॉ.मिश्र द्वारा कुलाधिपति का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

अपने दीक्षांत भाषण में डॉ. मिश्र ने आईजीआईडीआर के 2023 कक्षा के सभी स्नातकों को बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के भारत 2047 विजन का उल्लेख किया, जब भारत अपनी प्रकृति और संस्कृति दोनों की देखभाल करते हुए एक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपनाएगा और कार्यान्वित करेगा, बल्कि यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एक विचारशील लीडर भी होगा, जिसमें महिलाएं भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करेंगी और यह सभी क्षेत्रों में 'आत्मनिर्भर' होगा।

डॉ. मिश्र ने कहा कि पीएम गतिशक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी पहल, संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने नीति निर्माताओं की विचार प्रक्रिया को आकार देने वाले ज्ञान की सीमाओं को और बढ़ाने में अर्थशास्त्र के छात्रों की भूमिका पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1610